
देश की पहली महिला पैरा सिटिंग बालीबाल टीम के सदस्यों को सम्मानित करते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### 68 प्रभारी अधिकारी स्ट्रांग रूम नियंत्रण कक्ष नियुक्त किये

**(संवाददाता)** देहरादून। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी एस.ए मुरूगेशन ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्पादनार्थ 11 अप्रैल को मतदान सामाप्ति के उपरान्त पीठासीन अधिकारियों द्वारा ईवीएम और वीवीपैट व अन्य सील्ड अभिलेखों को महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज, रायपुर के ब्वायज हॉस्टल तथा शूटिंग हॉल में बनाये गये स्ट्रांगरूम में 23 मई को मतगणना समाप्ति तक पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने 01 मई से 23 मई तक 68 प्रभारी अधिकारी स्ट्रांग रूम नियंत्रण कक्ष नियुक्त किये हैं तथा उनके साथ 68 कार्मिक भी सबद्ध किये गये हैं जो 8–8 घण्टे की ड्यूटी करेंगे तथा अपने रिलिवर के आने तक नियंत्रण कक्ष में बने रहेंगे।

### जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष मांगों को लेकर एमडी से मिले

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष जीएन कोठियाल ने यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक बीसीके मिश्रा से मुलाकात की। जीएन कोठियाल ने प्रबंध निदेशक से गदरपुर मामले में जांच जल्द पूरी किये जाने की माँग की है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के उपरांत जो भी दोषी साबित हो, उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाए एवं जो निर्दोष साबित हों, उनके तुरंत बहाली के आदेश किए जायें।

### सजा सुनते ही अभियुक्त कटघरे में बेहोश होकर फर्श पर गिर पड़ा

**(संवाददाता)** विकासनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ढकरानी की कोर्ट में हत्या के प्रयास के मामले में सजा सुनते ही दोषी बेहोश हो गया। शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ढकरानी नसीम अहमद की कोर्ट ने पांच साल पुराने हत्या के प्रयास व मारपीट मामले में अंतिम सुनवाई के बाद मुख्य अभियुक्त गुलजार और उसके पुत्र शहजाद को 10–10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एडीजे कोर्ट में सजा सुनाए जाने के बाद अभियुक्त गुलजार कटघरे में बेहोश होकर फर्श पर गिर पडा।

### यूसर्क ने भारत की पहली महिला पैरा सिंटिग बालीबाल टीम को किया सम्मानित

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) द्वारा यूसर्क के नदी पुनर्जीवन केन्द्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम में यूसर्क के निदेशक प्रो0 दुर्गेश पंत एवं उपस्थित गणमान्य वैज्ञानिकों द्वारा भारत की पहली महिला पैरा सिटिंग बालीबाल टीम को सम्मानित किया गया।

## वनाग्नि पर काबू पाने को वन विभाग ने कसी कमर

**तैयारी**

■ वनाग्नि पर काबू पाने के लिए प्रदेश में 40 डिविजनों में कंट्रोल रूम बनाये गये

देहरादून। **सवांददाता**

सूबे में गर्मी लगातार अपना कहर बरपा रही है। वनाग्नि दृष्टि से वन विभाग का फायर सीजन भी शुरू हो चुका है। जिसे लेकर वन विभाग लगातार तैयारियों में जुटा हुआ है। वनाग्नि पर काबू पाने के लिए प्रदेश में 40 डिविजनों में कंट्रोल रूम बनाये गये हैं, जिससे आग लगने की सूचना जल्द मिल सके और टीमों को जल्द रवाना किया जा सके।

पिछले कुछ दिनों से तापमान बढ़ने के साथ–साथ जंगलों में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। मिली जानकारी के अनुसार अब तक फायर सीजन के दौरान 30 घटनाओं में 40 हेक्टेयर क्षेत्र और 51 हजार का नुकसान हो चुका है। इस मामले में मुख्य वन संरक्षक पीके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फायर सीजन 15 फरवरी से शुरू हो चुका है। इस बार बीच–बीच में हो रही बारिश के कारण दुर्घटनाएं कम हो रही हैं। उन्होंने बताया कि 85 हजार हेक्टयर में एक कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। इसके साथ ही 700 किमी में फायर लाइन सफाई भी की गई है। आग की सूचना पाने के लिए 40 डिविजनों में कन्ट्रोल रूम बनाये गए हैं।

वहीं, एक कन्ट्रोल रूम मुख्यालय में भी बनाया गया है। मुख्यालय के कन्ट्रोल रूम में आग लगने की सूचना कोई भी दे सकता है। आग लगने की सूचना मिलते ही डिविजन को सूचना दे दी जाती है। जिसके बाद तुरन्त आग बुझाने की कार्रवाई शुरू हो जाती है।

### सभी वन विभाग कर्मचारियों की छुट्टियां भी निरस्त



विभाग ने 1437 क्रू–स्टेशन बनाये हैं। जिनमें लगभग 7 कर्मचारियों की टीम की वायरलेस सेट के साथ तैनात की गई है। उन्होंने कहा कि अभी तक फायर की 30 घटनाओं में 40 हेक्टेयर क्षेत्र और 51 हजार की क्षति हो चुकी है। साथ ही फायर सीजन के दौरान सभी वन विभाग कर्मचारियों की छुट्टियां भी निरस्त कर दी गई हैं।

### प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट ने गठित की जाँच समिति

**(संवाददाता)** देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट ने भाजपा विधायकों के बीच विवाद व मीडिया में बयानबाजी को लेकर तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है जिसके संयोजक प्रदेश महामंत्री व विधायक खजान दास मनोनीत किए गए हैं। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉ देवेंद्र भसीन ने बताया कि हरिद्वार के दो विधायकों के बीच चल रहे विवाद व मीडिया में की जा रही बयानबाजी को प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट ने गम्भीरता से लिया है। मामले की जाँच के लिए प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट द्वारा तीन सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया गया है। इसमें प्रदेश महामंत्री व विधायक खजान दास संयोजक मनोनीत किए गए हैं। साथ ही दर्जाधारी राज्य मंत्री विश्वास डाबर व प्रदेश मंत्री कुलदीप कुमार समिति के सदस्य बनाए गए हैं।

## शहर के कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था पूरी तरह से है ठप

**आरोप**

बिगड़ती सफाई व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने नगर आयुक्त के समक्ष रोष व्यक्त किया

यदि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे

कई दिनों से क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा नहीं उठाया जा रहा

**संवाददाता**

देहरादून। शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था व डोर टू डोर कूड़ा उठान सेवा का सही ढंग से संचालन न होने से गुस्साए कांग्रेसियों ने नगर आयुक्त के समक्ष रोष व्यक्त किया। चेताया कि यदि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता नगर निगम परिसर में एकत्र हुए और शहर की सफाई, डोर टू डोर कूड़ा उठान समेत कई अन्य समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि शहर के कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। गंदगी से निरंतर महामारी फैलने की आशंका बनी रहती है। लोग नगर निगम में शिकायतें करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से अधिकारी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इससे आमजन परेशान हो रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है और किसी क्षेत्र में यदि उठाया जा रहा है तो सप्ताह में एक या दो बार ही कूड़ा उठ रहा है। कहा कि डोर टू डोर कूड़ा प्रतिदिन उठाया जाए। ज्ञापन में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्डों की आबादी के अनुसार सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की भी मांग की गई।

इसके अलावा व्यवसायिक प्रतिष्ठान, बाजार के समीप लगने वाले कूड़े के ढेर को भी नियमित रूप से उठाने की मांग की, ताकि इन क्षेत्रों में लावारिस जानवर एकत्र न हो सकें और सड़क हादसे से बचा जा सके।

वहीं, यह भी कहा कि नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स को लेकर धरातल पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। साथ ही पूर्व में बस्तियों में लगे टैक्स को भी बंद कर दिया गया है, इसे शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

इस अवसर पर विजयप्रताप मल्ल, राजेंद्र खन्ना, उदयवीर मल्ल, राजेश चौधरी, जहांगीर खान, रीता रानी, दीपा चौहान, देवेंद्र कौर आदि शामिल रहे।


पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता नगर आयुक्त से मुलाकात करते हुए।

### पीएम के नामांकन करने पर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दी शुभकामनाएँ

**(संवाददाता)** देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज वाराणसी से नामांकन किए जाने पर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने उन्हें शुभकामनायें दी और कहा कि प्रधानमंत्री वाराणसी में विजय का इतिहास रचेंगे।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोक सभा चुनाव में वाराणसी से नामांकन किए जाने पर उन्हें हार्दिक शुभकामनायें दी। श्री रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री का विगत दिवस का रोड शो और आज नामांकन के समय जिस तरह जनता उमड़ी है और लोगों ने प्रधानमंत्री के लिए अपना स्नेह व उत्साह प्रकट किया वह ऐतिहासिक है। वाराणसी से प्रधानमंत्री श्री मोदी की विजय सुनिश्चत ही नहीं है अपितु इतिहास की रचना करने जा रही है। वाराणसी की जनता अपने सांसद के साथ देश के भावी प्रधानमंत्री को भी चुन रही है। श्री रावत ने कहा कि श्री मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में देश की महान सेवा के साथ सांसद के रूप में भी अपने संसदीय क्षेत्र की जनता की सेवा व क्षेत्र का विकास किया।

### शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा

**(संवाददाता)** देहरादून। सीबीसीआइडी की एसआइटी ने फर्जी दस्तावेजों से नौकरी हासिल करने वाले तीन और शिक्षकों के खिलाफ मुकदमे के संस्तुति कर दी है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+
Scan This Code
Read News
Watch News Channel



**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।